आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 15.03.2025** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा–पुलिस विभाग में शीघ्र ही 8 हजार से अधिक नवीन भर्तियों की जायेंगी।
- प्रदेश में आज से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू।
- झाबुआ में जल्द आरंभ किया जाएगा मेडिकल कॉलेज।
- अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार–2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन आज से शुरू।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**<u>मुख्यमंत्री पुलिस होली</u>**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सरकार ने 6 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों की भर्ती की है। प्रदेश में शीघ्र ही 8 हजार से अधिक पुलिस कॉन्स्टेबल और सब इन्स्पेक्टर की नवीन भर्तियां की जायेंगी। मुख्यमंत्री ने आज पुलिस लाइन उज्जैन में आयोजित होली मिलन समारोह में सहभागिता की। उन्होंने सभी को उत्साह, उमंग और रंगों के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें भारतीय पुलिस पर सदैव गर्व है। उन्होंने कहा कि

प्रदेशभर में आज पुलिस द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। गुना पुलिस लाईन में जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी गईं। वही सीहोर में महादेव की होली उत्साह के साथ मनाई गई। शहर में चल समारोह निकाला गया। इसमें देशभर से सीहोर आए श्रद्धालु शामिल हुए। नर्मदापुरम में पांच दिन रंगपंचमी मनाई जा रही है। सेठानी घाट पर फूलों और गुलाल की होली खेली गई।

दूरसंचार, रेल तथा सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि श्रीपैरम्बदूर और मानालूर में एक हजार एक सौ बारह करोड रूपये की लागत से दो इलेक्टॉनिक उद्योग स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने आज श्रीपैरम्बदूर में जेटवर्क इलेक्टॉनिक्स केन्द्र का उद्घाटन करने के बाद कहा कि अमृत योजना के अन्तर्गत 77 रेलवे स्टेशनों का पुनरोद्धार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में 715 रेल ऊपरगामी सेतू बनाएं जा रहे हैं और आठ वंदे भारत रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि जेटवर्क इलेक्टॉनिक्स 200 करोड रूपये की लागत से 15 एकड भूमि पर विकसित होगी। इसमें आठ हजार लोगों को काम मिलेगा। इन लोगों में कम से कम 80 प्रतिशत महिलाएं होगी।

## समर्थन मूल्य—गेहूं

प्रदेश में आज से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरू हो गई है। सभी जिलों में इसकी व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी केन्द्रों पर समुचित व्यवस्था की गई। खरीदी केन्द्रों पर निःशुल्क स्लॉट बुकिंग करने हेतु हेल्प डेस्क भी रहेंगे। किसानों को शीघ्र भुगतान की व्यवस्था की भी जा रही ळें

खाद्य मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025—26 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। इसके अतिरिक्त किसानों को 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। जिससे कुल समर्थन मूल्य 2600 रुपये प्रति क्विंटल हो जाएगा। प्रदेश में इस वर्ष लगभग 80 लाख मेटरिक टन गेहूं उपार्जन का अनुमान लगाया गया है।

## अमित शाह—असम/मिजोरम

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने असम के गोलाघाट जिले के डेरगांव में आज अत्याधुनिक लचित बरफूकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया और पुलिस अकादमी की आवासीय परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्व सरमा और केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल भी उपस्थित थे।

## झाबुआ मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शीघ्र ही झाबुआ में मेडिकल कॉलेज आरंभ किया जाएगा। इसका संचालन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट के रूप में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलगुरू प्रोफेसर डॉ. राकेश सिंघई ने इस संबंध में मुख्यमंत्री निवास में भेंट कर चर्चा की। कुलगुरू डॉ. सिंघई ने बताया कि झाबुआ में आरंभ होने वाले मेडिकल कॉलेज का संचालन इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन में होगा और जिला चिकित्सालय झाबुआ को इससे संबद्ध किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को इस संबंध में आवश्यक दिशा—निर्देश दिए गए हैं।

## उपभोक्ता अधिकार दिवस

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रति वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ता अधिकारों और और उनकी सुरक्षा बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन सभी उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने तथा उन अधिकारों का सम्मान और संरक्षण करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी अवसर है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 का विषय है—सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन।

## पद्म पुरस्कार

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार–2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन आज से शुरू हो गये। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कार– पद्मविभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों तथा सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

## विश्व खसरा दिवस

इंदौर जिले में 16 मार्च को विश्व खसरा दिवस मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य खसरे की गंभीरता को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना और खसरे के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने–अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर बच्चों को खसरा का टीका अवश्य लगवाएं और अपने बच्चों को खसरा रोग से बचाएं।

## शीतकालीन स्पेशल ओलंपिक

**इटली के तूरिन में चल रहे स्पेशल ओलंपिक शीतकालीन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए 15 और पदक जीत लिये हैं। भारत की कुल पदक संख्या अब 24 हो गई है। अल्पाइन स्कीइंग में दीपक ठाकुर और गिरिधर ने इंटरमीडिएट सुपर जी एम 04 और एम 05 श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। स्नोशूइंग में वासु तिवारी ने 50 मीटर रेस एम 03 स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में अनिल कुमार ने एमपी 12 डिवीजन में स्वर्ण पदक जीता।**

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- **मुख्यमंत्री श्डॉ. यादव ने आज खंडवा के मूंदी में संत श्रीदादा गुरुजी की परिक्रमा यात्रा में शामिल हुए। डॉ यादव मूंदी में नर्मदा परिक्रमा यात्रा का स्वागत कार्यक्रम में भी शामिल हुए।**
- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में स्वरोजगार, उद्यमिता एवं कौशल संवर्धन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. बी.एस.जाधव ने कहा कि स्वरोजगार करने वाला स्वयं की शक्ति एवं कला के आधार पर प्रगति जिम्मा अपने ऊपर लेता है।
- आगरमालवा जिले के ग्राम लिंगोड़ा स्थित हनुमान मंदिर पर कल एक दिवसीय मेला और चूल उत्सव का आयोजन किया गया। चूल उत्सव में सैंकड़ो लोग धधकते अंगारों पर नंगे पैर चले।

- शहडोल में माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शरू हो गया है। प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मूल्यांकन किया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में झाड़– फूक के नाम पर अमानवीयता का व्यवहार करने वाले तांत्रिक पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि तांत्रिक ने झाड़–फूक करते हुए 6 माह के बच्चे को धूनी देने के नाम पर झुलसा दिया था।
- **नर्मदापुरम जिले में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर, बनखेड़ी में किया गया।**

....................................